रजिस्ट्री सं० डी (डी)-73

REGISTERED No. D(D)-73

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 48] नई दिल्ली, शनिवार, नवम्बर 29, 1975/अग्रहायण 8, 1897
No. 48] NEW DELHI, SATURDAY, NOVEMBER 29, 1975/AGRAHAYANA 8, 1897

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारियों द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं

Statutory orders and notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)

मंत्रिमंडल सचिवालय

(कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग)

नई दिल्ली, 11 नवम्बर, 1975

का० आ० 5041.—राष्ट्रपति केन्द्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) संशोधन नियम, 1975-द्वारा यथासंशोधित केन्द्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1965 के नियम 6 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और भारतीय लेखा-परीक्षा तथा लेखा विभाग में कार्य करने वाले व्यक्तियों के संबंध में भारत के नियंत्रक तथा महालेखा परीक्षक से परामर्श करने के पश्चात् यह निदेश देते हैं कि इस आदेश के जारी होने की तारीख से संघ के अधीन सभी सिविल पदों को, ऐसे अपवादों के अध्यधीन जिन्हें सरकार समय-समय पर किसी साधारण अथवा विशेष आदेश द्वारा करे, यथास्थिति समूह क, समूह ख, समूह ग तथा समूह घ, के रूप में निम्न प्रकार से पुनः वर्गीकृत किया जाएगा :—

विद्यमान वर्गीकरण	संशोधित वर्गीकरण
श्रेणी I	समूह क
श्रेणी II	समूह ख
श्रेणी III	समूह ग
श्रेणी IV	समूह घ

परन्तु यह कि :—

(1) 1-1-73 से पूर्व विद्यमान काडरों में कोई विनिर्दिष्ट वृद्धियों के रूप में पुनरीक्षित वेतनमान में 1-1-73 को अथवा उसके पश्चात् किन्तु इस आदेश के जारी होने की तारीख से पहले सृजित किये गये अथवा सर्जित किये मान लिये गये किन्हीं पदों का वर्गीकरण वही होगा जैसा कि उन संवर्गों के पदों का होता है जिनमें उनकी वृद्धि की गई है : और

(2) उपर्युक्त (1) के अन्तर्गत न आने वाले अन्य किन्हीं पदों को जिन्हें 1-1-1973 को अथवा उसके पश्चात् किन्तु इस आदेश के जारी होने की तारीख के पूर्व पुनरीक्षित वेतनमान में सर्जित किया गया है । अथवा सर्जित किया मान लिया गया है और उनका वर्गीकरण इस आदेश के पैरा 2 द्वारा अभिकल्पित पद की अपेक्षा उच्चतर है, उस पैरा के अनुसार पुनर्वर्गीकृत किया जायेगा, किन्तु ऐसे पदों के विद्यमान पदधारियों की हैसियत पर इससे प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा ।

2. पदों के यथोपरि पुनर्वर्गीकरण के अध्यधीन और ऐसे अपवादों के भी अध्यधीन, जिन्हें सरकार समय-समय पर किसी साधारण अथवा विशेष आदेश द्वारा करे, इस आदेश के जारी होने के पश्चात् सर्जित सभी केन्द्रीय—सिविल पदों को निम्न प्रकार से वर्गीकृत किया जाएगा :—

क्रम संख्या	पदों का विवरण	पदों का वर्गीकरण
1	ऐसा केन्द्रीय सिविल पद जिसका वेतन अथवा वेतनमान का अधिकतम रु० 1300.00 से कम न हो ।	समूह क
2	ऐसा केन्द्रीय सिविल पद जिसका वेतन अथवा वेतनमान का अधिकतम रु० 900.00 से कम न हो किन्तु रु० 1300.00 से कम हो ।	समूह ख
3	ऐसा केन्द्रीय सिविल पद जिसका वेतन अथवा वेतनमान का अधिकतम रु० 290.00 से अधिक हो, किन्तु रु० 900.00 से कम हो ।	समूह ग
4	ऐसा केन्द्रीय सिविल पद जिसका वेतन अथवा वेतनमान का अधिकतम रु० 290 अथवा उससे कम हो ।	समूह घ

परन्तु इस आदेश के जारी होने के पश्चात् विद्यमान काडरों में विनिर्दिष्ट वृद्धियों के रूप में सर्जित किये गये पदों का वर्गीकरण वही होगा जैसा कि उस काडर के पदों का है, जिनमें इन्हें जोड़ा जाए ।

टिप्पणी :—इस आदेश के प्रयोजन के लिए :—

(I) 'वेतन' का अर्थ वही होगा जो मूल नियम 9(21) (क) (i) किया गया है ।

(II) किसी पद के वेतन अथवा वेतनमान से केन्द्रीय सिविल सेवाएं (पुनरीक्षित वेतन) नियम, 1973 के अधीन विहित वेतन अथवा वेतनमान अभिप्रेत है ।

[सं० 21/2/74-स्थापना (घ)]

CABINET SECRETARIAT

(Department of Personnel & Administrative Reforms)

New Delhi, the 11th November, 1975

S.O. 5041.—In exercise of the powers conferred by Rule 6 of the Central Civil Services (Classification, Control and Appeal) Rules, 1965, as amended by the Central Civil Services classification Control and Appeal 1 A Amendment Rules 1975 and after consultation with the Comptroller and Auditor General of India in relation to the persons serving in the Indian Audit and Accounts Department, the President hereby direct that with effect from the date of issue of this order, all civil posts under the Union shall, subject to such exceptions as Government may, by any general or special order make from time to ime, be reclassified as Group A, Group B, Group C, and Group D, as the case may be, as indicated below :—

Existing Classification	Revised Classification
Class I	Group A
Class II	Group B
Class III	Group C
Class IV	Group D

Provided that

(i) the classificat.on any posts created or deemed to have been created on or after 1-1-1973 in the revised scale but before the date of issue of this order, as specific additions to cadres existing prior to 1-1-1973, shall be the same as that of the posts in the cadres to which they have been added and

(ii) any other posts not covered by (i) above created or deemed to have been created in the revised scale of pay on or after 1-1-1973 but before the date of issue of this order having a classification higher than the one envisaged by the para 2 of this order shall be reclassified in terms of that paragraph but without prejudice to the status of the existing incumbents of such posts.

2. Subject to reclassification of posts as indicated above, and also subject to such exceptions as Government may, by any general or special order, make from time to time, all Central Civil posts created subsequent to the issue of this order shall be classified as follows :—

Sl. No.	Description of Posts	Classification of Posts
1.	A Central Civil post carrying a pay or a scale of pay with a maximum of not less than Rs. 1300.00 . . .	Group A
2.	A Central Civil post carrying a pay or a scale of pay with a maximum of not less than Rs. 900.00 but less than Rs. 1300.00	Group B
3.	A Central Civil post carrying a pay or a scale of pay with a maximum of over Rs. 290.00 but less than Rs. 900.00 .	Group C
4.	A Central Civil post carrying a pay or a scale of pay the maximum of which is Rs. 290.00 or less	Group D

Provided that posts created subsequent to the issue of this order as specific additions to existing cadres shall have the same classification as posts in the cadre to which they are added.

NOTE :—For the purposes of this order—

(i) 'pay' has the meaning assigned to it in F.R. 9(21)(a)(i).

(ii) The pay of scale of pay of a post means the pay or scale of pay prescribed under the Central Civil Services (Revised Pay) Rules, 1973.

[No. 21/2/74-Estt(D)]

का० आ० 5042.—राष्ट्रपति संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक और अनुच्छेद 148 के खण्ड (5) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और भारतीय लेखापरीक्षा तथा लेखा विभाग में कार्य करने वाले व्यक्तियों के सम्बन्ध में नियंत्रक तथा महालेखा परीक्षक से परामर्श करने के पश्चात केन्द्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1965 में और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात

1 (क) इन नियमों का नाम केन्द्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील)----------संशोधन नियम, 1975 है ।

(ख) ये नियम राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2 केन्द्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1965 में विद्यमान नियम 4, 5 तथा 6 के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात :—

"4 सेवाओं का वर्गीकरण (1) संघ की सिविल सेवाएं निम्न प्रकार से वर्गीकृत की जाएंगी :—

(i) केन्द्रीय सिविल सेवाएं, समूह क,

(ii) केन्द्रीय सिविल सेवाएं समूह ख,

(iii) केन्द्रीय सिविल सेवाएं समूह ग,

(iv) केन्द्रीय सिविल सेवाएं समूह घ,

(2) यदि किसी सेवा में एक से अधिक श्रेणियां शामिल हो तो ऐसी सेवा के विभिन्न श्रेणियां को विभिन्न समूहों में शामिल किए जा सकता है ।

5 केन्द्रीय सिविल सेवाओं का गठन :

केन्द्रीय सिविल सेवाएं, समूह क, समूह ख, समूह ग, तथा समूह घ में ऐसी सेवाएं तथा सेवाओं के श्रेणियां होंगी जो अनुसूची में भी विनिर्दिष्ट हैं ।

6 पदों का वर्गीकरण :

उन पदों को छोड़ कर जो साधारण तया ऐसे व्यक्तियों द्वारा धारित हैं जिन पर ये नियम लागू नहीं होते संघ के अधीन सिविल पदों को, राष्ट्रपति के साधारण अथवा विशेष आदेश द्वारा निम्न प्रकार से वर्गीकृत किया जाएगा ।

(i) केन्द्रीय सिविल पद, समूह क

(ii) केन्द्रीय सिविल पद, समूह ख

(iii) केन्द्रीय सिविल पद, समूह ग

(iv) केन्द्रीय सिविल पद, समूह घ

3 केन्द्रीय सिविल सेवाएं (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1965 में नियम 6 के पश्चात निम्नलिखित को नए नियम 6-क के रूप में, जैसा कि ऊपर नियम 2 द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है, जोड़ दिया जाए ।

"6-क इन नियमों के प्रारम्भ होने से तुरन्त पूर्व प्रवृत्त सभी नियमों, आदेशों, अनुसूचियों, अधिसूचनाओं, विनियमों, अनुदेशों में केन्द्रीय सिविल सेवाओं, केन्द्रीय सिविल पदों के वर्ग I वर्ग II, वर्ग III तथा वर्ग IV के प्रति सभी निवेशों का अर्थान्वयन क्रमशः केन्द्रीय सिविल सेवाओं केन्द्रीय सिविल पदों के समूह क, समूह ख, समूह ग तथा समूह घ के प्रति निवेशों के रूप में किया जाएगा और इस संदर्भ में उनमें "वर्ग अथवा वर्गों" के प्रति किसी निवेश का अर्थान्वयन, यथास्थिति, 'समूह' अथवा 'समूहों' के प्रति निर्देश के रूप में किया जाएगा ।

[सं० 21/2/74-स्थापना (ख)]
एस० कृष्णन, निदेशक

S.O. 5042.—In exercise of the powers conferred by the proviso to Article 309 and clause (5) of Article 148 of the Constitution and after consultation with the Comptroller and Auditor General in respect of persons serving in the Indian Audit and Accounts Department, the President hereby makes the following rules further to amend the Central Civil Services (Classification, Control and Appeal) Rules, 1965, namely :—

1. (a) These rules may be called the Central Civil Services (Classification, Control and Appeal).....Amendment Rules, 1975.

(b) They shall come into force from the date of publication in the Official Gazette.

2. In the Central Civil Services (Classification Control and Appeal) Rules, 1965, for the existing rules 4, 5 and 6, the following may be substituted, namely :—

"4 Classification of Services. (1) The Civil Services of the Union shall be classified as follows :—

(i) Central Civil Services, Group A ;

(ii) Central Civil Services, Group B ;

(iii) Central Civil Services, Group C ;

(iv) Central Civil Services, Group D.

(2) If a Service consists of more than one grade, different grades of such Service may be included in different groups.

5. Constitution of Central Civil Services. The Central Civil Services, Group A, Group B, Group C and Group D shall consists of the services and grades of Services specified in the Schedule.

6. Classification of posts. Civil posts under the Union other than those ordinarily held by persons to whom these rules do not apply, shall by a general or special order of the President, be classified as follows :—

(i) Central Civil posts, Group A ;

(ii) Central Civil posts, Group B ;

(iii) Central Civil posts, Group C ;

(iv) Central Civil posts, Group D.

3. In the Central Civil Services (Classification, Control and Appeal) Rules, 1965, the following may be added as a new rule 6A after rule 6 as substituted by rule 2 above :—

"6A. All reference to Central Civil Services/Central Civil posts Class I, Class II, Class III, and Class IV in all Rules, orders, Schedules, Notifications, Regulations, Instructions in force, immediately before the commencement of these Rules, shall be constructed as references to Central Services/Central Civil posts, Group A, Group B Group C and Group D respectively/and any reference to "Class or Classes" therein in this context shall be construed as reference to "Group or "Group", as the case may be."

[No. 21/2/74-Estt. (D)]
S. KRISHNAN, Director

नई दिल्ली, 12 नवम्बर, 1975

का० आ० 5043:—दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 2) की धारा 24 की उपधारा 6 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, एतद्द्वारा, श्री पी० आर० नामजोशी, अधिवक्ता बम्बई को बम्बई उच्च न्यायालय में, सर्व श्री एच० एस० धालीवाल और हरसुख लाल जयन्ती लाल अन्साली के विरुद्ध दाण्डिक अपीलों तथा 1972 के विशेष मुकद्दमा नं० 4 में दिनांक 8 अप्रैल, 1975 को विशेष न्यायाधीश बृहत्तर बम्बई द्वारा निर्णीत दोष सिद्धि (आर० सी० सं० 13/70-बम्बई) के विरुद्ध अभियुक्त व्यक्तियों सर्व श्री एच० एस० धालीवाल, एस० एस० भटनागर, तथा ए० बी० जोशी द्वारा दायर की गई अपीलों में राज्य सरकार की ओर से संचालन करने हेतु विशेष लोक अभियोजक नियुक्त करती है ।

[संख्या 225/64/75-ए० बी० डी (II)]
बी० सी० बंजानी, अवर सचिव

New Delhi, the 12th November, 1975

S.O. 5043.—In exercise of the powers conferred by subsection (6) of section 24 of the Code of Criminal Procedure, 1973 (2 of 1974), the Central Government hereby appoints Shri P. R. Namjoshi, Advocate, Bombay, as a Special Public Prosecutor for the purpose of conducting, in the High Court

of Bombay, criminal appeal on behalf of the State against Sarvashri H. S. Dhaliwal and Harsukhlal Jayantilal Bansali and also the appeals filed by the accused persons Sarvashri H. S. Dhaliwal, S. S. Bhatnagar and A. V. Joshi against their conviction in Special case No. 4 of 1972 decided on the 8th of April, 1975 by Special Judge for Greater Bombay, (R. C. No. 13/70-Bombay).

[No. 225/64/75-AVD(II)]

B. C. VANJANI, Under Secy.

भारत निर्वाचन आयोग

आदेश

नई दिल्ली, 17 अक्तूबर, 1975

का० आ० 5044 :—यतः, निर्वाचन आयोग का समाधान हो गया है कि 1974 में हुए उत्तर प्रदेश विधान सभा के लिए साधारण निर्वाचन के लिए 91-मल्लावां निर्वाचन-क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार श्री अब्दुल वारिस, ग्राम लालपुर कछरी, पो० डाभा, जिला हरदोई, उत्तर प्रदेश, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 तथा तदधीन बनाए गए नियमों द्वारा अपेक्षित अपने निर्वाचन व्ययों का कोई भी लेखा दाखिल करने में असफल रहे हैं ;

और, यतः उक्त उम्मीदवार ने, उसे सम्यक सूचना दिये जाने पर भी, अपनी इस असफलता के लिए कोई कारण अथवा स्पष्टीकरण नहीं दिया है, और, निर्वाचन आयोग का यह भी समाधान हो गया है कि उसके पास इस असफलता के लिए कोई पर्याप्त कारण या न्यायौचित्य नहीं है ;

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 10क के अनुसरण में निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा उक्त श्री अब्दुल वारिस को संसद के किसी भी सदन के या किसी राज्य की विधान सभा अथवा विधान परिषद् के सदस्य चुने जाने और होने के लिए इस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिए निरर्हित घोषित करता है ।

[सं० उ० प्र०-वि० स०/91/74(293)]

ELECTION COMMISSION OF INDIA

ORDER

New Delhi, the 17th October, 1975

S.O. 5044.—Whereas the Election Commission is satisfied that Shri Abdul Waris, Village Lalpur, Kachari, P.O. Dabha District—Hardoi, Uttar Pradesh, a contesting candidate for election to the U.P. Legislative Assembly from 91-Mallawan assembly constituency, has failed to lodge an account of his election expenses as required by the Representation of the People Act, 1951, and the Rules made thereunder ;

2. And whereas, the said candidate even after due notice has not given any reason or explanation for the failure and the Election Commission is satisfied that he has no good reason or justification for such failure ;

3. Now, therefore, in pursuance of section 10A of the said Act the Election Commission hereby declares the said Shri Abdul Waris to be disqualified for being chosen as and for being a member of either House of Parliament or of the Legislative Assembly or Legislative Council of a State for a period of three years from the date of this order.

[No. UP-LA/91/74 (293)]

आदेश

का० आ० 5045 :—यतः, निर्वाचन आयोग का समाधान हो गया है कि 1974 में हुए उत्तर प्रदेश विधान सभा के लिए साधारण निर्वाचन के लिए 130-अकबरपुर निर्वाचन-क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार श्री राम चन्दर, ग्राम कादीपुर, पोस्ट कटघर मूसा, जिला फैजाबाद, उत्तर प्रदेश लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 तथा तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा अपेक्षित अपने निर्वाचन व्ययों का कोई भी लेखा दाखिल करने में असफल रहे हैं ;

और, यतः उक्त उम्मीदवार ने, उसे सम्यक सूचना दिये जाने पर भी, अपनी इस असफलता के लिए कोई कारण अथवा स्पष्टीकरण नहीं दिया है, और, निर्वाचन आयोग का यह भी समाधान हो गया है कि उसके पास इस असफलता के लिए कोई पर्याप्त कारण या न्यायौचित्य नहीं है,

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 10क के अनुसरण में निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा उक्त श्री राम चन्दर को संसद के किसी भी सदन के या किसी राज्य की विधान सभा अथवा विधान परिषद् के सदस्य चुने जाने और होने के लिए इस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिए निरर्हित घोषित करता है ।

[सं० उ० प्र०-वि० स०/130/74(295)]

ORDER

S.O. 5045.—Whereas the Election Commission is satisfied that Shri Ram Chander, Village Kadipur, Post Katghar Moosa, District—Faizabad, Uttar Pradesh, a contesting candidate for election to the U.P. Legislative Assembly from 130-Akharpur, assembly constituency, has failed to lodge an account of his election expenses as required by the Representation of the People Act, 1951, and the Rules made thereunder ;

2. And whereas, the said candidate even after due notice has not given any reason or explanation for the failure and the Election Commission is satisfied that he has no good reason or justification for such failure ;

3. Now, therefore, in pursuance of section 10A of the said Act the Election Commission hereby declares the said Shri Ram Chander to be disqualified for being chosen as and for being a member of either House of Parliament or of the Legislative Assembly or Legislative Council of a State for a period of three years from the date of this order.

[No. UP-LA/130/74 (295)]

आदेश

का० आ० 5046 :—यतः, निर्वाचन आयोग का समाधान हो गया है कि 1974 में हुए उत्तर प्रदेश विधान सभा के लिए साधारण निर्वाचन के लिए 219-मुहम्मदाबाद गोहना (अ० जा०) निर्वाचन-क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार श्री छोटे लाल, ग्राम फरीदपुर, डा० बन्धीघाट, जिला आजमगढ़, उत्तर प्रदेश, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 तथा तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा अपेक्षित अपने निर्वाचन व्ययों का कोई भी लेखा दाखिल करने में असफल रहे हैं ;

और, यतः उक्त उम्मीदवार ने, उसे सम्यक सूचना दिये जाने पर भी, अपनी इस असफलता के लिए कोई कारण अथवा स्पष्टीकरण नहीं दिया है, और, निर्वाचन आयोग का यह भी समाधान हो गया है कि उसके पास इस असफलता के लिए कोई पर्याप्त कारण या न्यायौचित्य नहीं है ;

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 10क के अनुसरण में निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा उक्त श्री छोटे लाल को संसद के किसी भी सदन के या किसी राज्य की विधान सभा अथवा विधान परिषद् के सदस्य चुने जाने और होने के लिए इस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिए निरर्हित घोषित करता है ।

[सं० उ० प्र०-वि० स०/219/74(297)]

ORDER

S.O. 5046.—Whereas the Election Commission is satisfied that Shri Chhote Lal, Village Faridpur, Post Office Bandlghat, District—Azamgarh, Uttar Pradesh, a contesting candidate for election to the U.P. Legislative Assembly from 219, Mohammadabad Gohna (SC) assembly constituency,—has failed to lodge an account of his election expenses as required by the Representation of the People Act, 1951, and the Rules made thereunder;

2. And whereas, the said candidate even after due notice has not given any reason or explanation for the failure and the Election Commission is satisfied that he has no good reason or justification for such failure;

3. Now, therefore, in pursuance of section 10A of the said Act the Election Commission hereby declares the said Shri Chhote Lal to be disqualified for being chosen as and for being a member of either House of Parliament or of the Legislative Assembly or Legislative Council of a State for a period of three years from the date of this order.

[No. UP-LA/219/74 (297)]

आदेश

का० आ० 5047.—यतः, निर्वाचन आयोग का समाधान हो गया है कि 1974 में हुए उत्तर प्रदेश विधान सभा के लिए साधारण निर्वाचन के लिए 218-मुबारकपुर निर्वाचन-क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार श्री राम नाथ दास, ग्राम व पो० सठियाँव, जिला आजमगढ़, उत्तर प्रदेश लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 तथा तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा अपेक्षित अपने निर्वाचन व्ययों का कोई भी लेखा दाखिल करने में असफल रहे हैं ;

और, यतः उक्त उम्मीदवार ने, उसे सम्यक सूचना दिये जाने पर भी, अपनी इस असफलता के लिए कोई कारण अथवा स्पष्टीकरण नहीं दिया है, और, निर्वाचन आयोग का यह भी समाधान हो गया है कि उसके पास इस असफलता के लिए कोई पर्याप्त कारण या न्यायौचित्य नहीं है ;

अतः, अब, उक्त अधिनियम की धारा 10क के अनुसरण में निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा उक्त श्री राम नाथ दास को संसद के किसी भी सदन के या किसी राज्य की विधान सभा अथवा विधान परिषद् के सदस्य चुने जाने और होने के लिए इस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिए निरर्हित घोषित करता है ।

[सं० उ० प्र०-वि० स०/218/74/(296)]
ए० एन० सैन, सचिव

ORDER

S.O. 5047.—Whereas the Election Commission is satisfied that Shri Ramnath Das, Village and Post Sathlaon, District—Azamgarh, Uttar Pradesh, a contesting candidate for election to the U.P. Legislative Assembly from 218-Mubarakpur, assembly constituency, has failed to lodge an account of his election expenses as required by the Representation of the People Act, 1951, and the Rules made thereunder;

2. And whereas, the said candidate even after due notice has not given any reason or explanation for the failure and the Election Commission is satisfied that he has no good reason or justification for such failure;

3. Now, therefore, in pursuance of section 10A of the said Act the Election Commission hereby declares the said Shri Ramnath Das to be disqualified for being chosen as and for being a member of either House of Parliament or of the Legislative Assembly or Legislative Council of a State for a period of three years from the date of this order.

[No. UP-LA/218/74 (296)]
A. N. SEN, Secy.

वित्त मंत्रालय

(राजस्व और बीमा विभाग)

नई दिल्ली, 25 सितम्बर, 1975

आय-कर

का० आ० 5048.—आय-कर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 2 के खण्ड (44) के उपखण्ड (iii) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार सर्वश्री एम० पी० नायर और पी० ए० अब्राहम को, जो केन्द्रीय सरकार के राजपत्रित अधिकारी हैं, उक्त अधिनियम के अधीन कर वसूली अधिकारियों की शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करती है ।

2. अधिसूचना सं० 379 (फा० सं० 404/15/73-आई० टी० सी०) तारीख 15 जून, 1973 के अधीन की गई सर्वश्री आई० बी० भसीन और डी० पी० सुन्दरम् की नियुक्ति पैरा 1 में वर्णित अधिकारियों के वसूली अधिकारियों के रूप में कार्य-भार ग्रहण करने की तारीख से रद्द की जाती है ।

3. यह अधिसूचना पैरा 1 में वर्णित अधिकारियों के कर वसूली अधिकारियों के रूप में कार्य-भार ग्रहण करने की तारीख से प्रवृत्त होगी ।

[1099(फा०सं० 404/116/75आई०टी०सी०सी०)]

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Revenue and Insurance)

New Delhi, the 25th September, 1975

INCOME-TAX

S.O. 5048.—In exercise of the powers conferred by sub-clause (iii) of clause (44) of Section 2 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby authorises S/Shri M. P. Nair and P. A. Abraham who are Gazetted Officers of the Central Government, to exercise the powers of Tax Recovery Officers under the said Act.

2. The appointment of S/Shri I. B. Bhasin and D. P. Sundaram made under Notification No. 379 (F. No. 404/15/73-ITCC) dated 15th June, 1973 is hereby cancelled with effect from the date of officers in paragraph 1 take over charge as Tax Recovery Officers.

3. This Notification shall come into force with effect from the date the officers in paragraph 1 take over charge as Tax Recovery Officer.

[No. 1099 (F. No. 404/116/75-ITCC)]

नई दिल्ली, 30 सितम्बर, 1975

का० आ० .—अधिसूचना सं० 914 (फा० सं० 404/98/75-आई० टी० सी० सी०) तारीख 21 मई, 1975 का आंशिक उपान्तरण करते हुए उसके पैरा 1 में आने वाला श्री आर० एम० कृष्णन का नाम हटाया जाता है।

2. यह अधिसूचना 1 अक्तूबर, 1975 से प्रवृत्त होगी ।

[सं० 1107क (फा० सं० 404/98/75-आई० टी० सी० सी०]

New Delhi, the 30th September, 1975

S.O. 5049.—In partial modification of the Notification No. 914 (F. No. 404/98/75-ITCC) dated 21st May, 1975 the name of Shri R. M. Krishanan appearing in Para 1 thereof is deleted.

2. This notification shall come into force with effect from 1st October, 1975.

[No. 1107A (F. No. 404/98/75-ITCC)]

नई दिल्ली, 1 अक्तूबर, 1975

का० आ० 5050:—आय-कर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 2 के खण्ड 44 के उप-खण्ड (iii) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार श्री एच० सी० अदलखा को, जो केन्द्रीय सरकार के राजपत्रित अधिकारी हैं, उक्त अधिनियम के अधीन कर वसूली अधिकारी की शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करती है।

2. अधिसूचना सं० 872 (फा० सं० 404/61/75-आई टी० सी० सी०) तारीख 15 अप्रैल, 1975 के अधीन की गई श्री एस० डी० मधाले की नियुक्ति 1 अक्तूबर, 1975 से रद्द की जाती है।

3. यह अधिसूचना 1 अक्तूबर, 1975 से प्रवृत्त होगी।

[सं० 1114 (फा० सं० 404/61/75-आई० टी० सी० सी०)]

New Delhi, the 1st October, 1975

S.O. 5050.—In exercise of the powers conferred by sub-clause (iii) of clause (44) of Section 2 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby authorises Shri H. C. Adlakha who is a Gazetted Officer of the Central Government, to exercise the powers of a Tax Recovery Officer under the said Act.

2. The appointment of Shri S. D. Madhale, made under Notification No. 872 (F. No. 404/61/75-ITCC) dated the 15th April, 1975 is hereby cancelled with effect from 1st October, 1975.

3. This Notification shall come into force with effect from the 1st October, 1975.

[No. 1114 (F. No. 404/61/75-ITCC)]

का० आ० 5051:—आय-कर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 2 के खण्ड के उप-खण्ड (iii) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार श्री एफ० सी० पुरी को, जो केन्द्रीय सरकार के राजपत्रित अधिकारी हैं, उक्त अधिनियम के अधीन कर वसूली अधिकारी की शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करती है।

2. यह अधिसूचना तुरन्त प्रवृत्त होगी।

[सं० 1112 (फा० सं० 404/153/75-आई० टी० सी० सी०)]

वी० पी० मित्तल, उप-सचिव

S.O. 5051.—In exercise of the powers conferred by sub-clause (iii) of clause (44) of Section 2 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby authorises Shri F. C. Puri, who is a Gazetted Officer of the Central Government to exercise the powers of the Tax Recovery Officer under the said Act.

2. This Notification shall come into force with immediate effect.

[No. 1112 (F No. 404/153/75-ITCC)]

V. P. MITTAL, Dy. Secy.

नई दिल्ली, दिनांक 29 अक्तूबर, 1975

बीमा

का० आ० 5052:—केन्द्रीय सरकार बीमा अधिनियम, 1938 (1938 का 4) की धारा 114 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये, बीमा नियम, 1939 में कतिपय और संशोधन करना चाहती है। जैसा कि उक्त धारा की उपधारा (1) में अपेक्षित है, प्रस्तावित संशोधनों का निम्नलिखित प्रारूप उन सभी व्यक्तियों के लिये जानकारी के लिये प्रकाशित किया जा रहा है जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना है। यह भी सूचना दी जाती है कि उक्त प्रारूप पर इसके राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से साठ दिन की अवधि की समाप्ति पर या उसके पश्चात् केन्द्रीय सरकार द्वारा विचार किया जायेगा।

उपरोक्त अवधि की समाप्ति के पूर्व उक्त प्रारूप की बाबत जो भी आक्षेप या सुझाव किसी व्यक्ति से प्राप्त होंगे केन्द्रीय सरकार उन पर विचार करेगी।

प्रारूप

1. इन नियमों का नाम बीमा (द्वितीय संशोधन) नियम, 1975 है।

2. बीमा नियम, 1939 में,—

(क) नियम 10ग में,—

(i) उपनियम (1) के साथ निम्नलिखित परन्तुक जोड़ा जायेगा, अर्थात्:—

"परन्तु भारतीय जीवन बीमा निगम की दशा में, उपरोक्त विवरणी में पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष के अन्तिम दिन उक्त विनिधानों की स्थिति दिखाई जायेगी और विवरणी प्रारूप 4ककक में होगी;

(ii) उपनियम (2) में, "प्रारूप 4ख में होगी" शब्दों, अंकों और अक्षर के पश्चात्, तथा भारतीय जीवन बीमा निगम की दशा में प्रारूप 4खखख में होगी शब्द, अंक और अक्षर जोड़े जायेंगे;

(ख) प्रारूप 4कक के पश्चात् निम्नलिखित प्रारूप जोड़ा जायेगा, अर्थात्:—

प्ररूप 4 ककक

[नियम 10 ग (1) देखिये]

भारतीय जीवन बीमा निगम की नियंत्रित निधि के तारीख————————19————————को यथास्थित विनिधान की विवरणी

[धारा 28 क (1) देखिये]

(कृपया प्ररूप से उपाबद्ध टिप्पण देखिये)

भाग क

(1) सरकारी प्रतिभूतियां और अन्य प्रतिभूतियां जो केन्द्रीय सरकार के या किसी राज्य की सरकार के राजस्व पर भारित हैं अथवा जिनका मूलधन और ब्याज केन्द्रीय सरकार या किसी राज्य की सरकार द्वारा पूर्णतया प्रत्याभूत है

विनिधान का प्रवर्ग	कुल अंकित मूल्य	कुल बही मूल्य	टिप्पणियां
(क) सरकारी प्रतिभूतियां--			
(ख) अनुमोदित प्रतिभूतियां--			

(2) ऊपर की मद (1) में निर्दिष्ट से भिन्न अनुमोदित प्रतिभूतियां
[धारा 2 (3) देखिये]

विनिधान का प्रवर्ग	कुल अंकित मूल्य	कुल बही मूल्य	टिप्पणियां

(3) धनराशि के लिये डिबेन्चर या अन्य प्रतिभूतियां जो राज्य सरकार की अनुज्ञा से किसी नगर पालिका द्वारा निर्गमित की गई हैं

विनिधान का प्रवर्ग	कुल अंकित मूल्य	कुल बही मूल्य	टिप्पणियां

(4) किसी कम्पनी की किसी स्थावर सम्पत्ति, संयंत्र या उपस्कर पर प्रथम भार द्वारा प्रत्याभूत डिबेंचर जिनके लिये कम्पनी ने ऐसे या तत्समान डिबेंचरों के निर्गमन से ठीक पूर्ववर्ती पांच वर्षों के लिये अथवा छह या सात वर्षों में से पांच वर्षों के लिये पूरी ब्याज संदत्त कर दी है

कुल अंकित मूल्य	कुल बही मूल्य	यदि विनिधान किसी प्राइवेट सीमित कम्पनी में है तो क्या केन्द्रीय की अनुज्ञा पहले ही प्राप्त कर ली गई है ?	टिप्पणियां.

(5)(क) किसी कम्पनी की किसी स्थावर सम्पत्ति, संयंत्र या उपस्कर पर प्रथम भार द्वारा प्रत्याभूत डिबेन्चर, वहां जहां ऐसी सम्पत्ति, संयंत्र या उपस्कर का अंकित मूल्य या बाजार मूल्य दोनों में से जो भी कम हो, ऐसे डिबेन्चरों के मूल्य के तीन गुणा से अधिक है

कुल अंकित मूल्य	मूल बही मूल्य	यदि विनिधान किसी प्राइवेट सीमित कम्पनी में किया गया है तो क्या केन्द्रीय सरकार की अनुज्ञा पहले ही प्राप्त कर ली गई है?	टिप्पणियां

(5)(ख) ऐसी कम्पनी के शेयरों में परिवर्तनीय डिबेन्चर जिसने अपने शेयरों पर कम से कम 4 प्रतिशत डिविडेन्ड, बोनस को सम्मिलित करते हुये ठीक पूर्ववर्ती पांच वर्ष के लिये या ठीक पूर्ववर्ती सात वर्षों में से कम से कम पांच वर्षों के लिये संदत्त कर दिया है

कुल अंकित मूल्य	कुल बही मूल्य	यदि विनिधान किसी प्राइवेट सीमित कम्पनी में किया गया है तो क्या केन्द्रीय सरकार की अनुज्ञा पहले ही प्राप्त कर ली गई है?	टिप्पणियां

(6) किसी कम्पनी के आकलित अधिमानी शेयर जिसने ठीक पूर्ववर्ती पांच वर्षों के लिये अथवा ठीक पूर्ववर्ती सात वर्षों में से कम से कम पांच वर्षों के लिये अपने साधारण शेयरों पर डिविडेन्ड संदत्त किया जा चुका है, परन्तु यह तब जब ऐसे अधिधानी शेयरों को कम्पनी के समापन की दशा में समस्त साधारण शेयरों पर संदाय के लिये अधिमानता प्राप्त हो

कुल अंकित मूल्य	कुल बही मूल्य	यदि विनिधान किसी प्राइवेट सीमित कम्पनी में किया गया है तो क्या केन्द्रीय सरकार की अनुज्ञा पहले ही प्राप्त कर ली गई है?	टिप्पणियां

(7) किसी कम्पनी के आकलित शेयर जिन पर ठीक पूर्ववर्ती पांच वर्षों के लिये या ठीक पूर्ववर्ती छह या सात वर्षों में से कम से कम पांच वर्षों के लिये डिविडेन्ड संदत्त किया जा चुका है और जिन्हें कम्पनी के समापन की दशा में समस्त साधारण शेयरों पर, संदाय के लिये, अधिमानता प्राप्त हो

कुल अंकित मूल्य	कुल बही मूल्य	यदि विनिधान किसी प्राइवेट सीमित कम्पनी में किया गया है तो क्या केन्द्रीय सरकार की अनुज्ञा पहले ही प्राप्त कर ली गई है?	टिप्पणियां

(8) किसी कम्पनी के ऐसे शेयर जिनके लिये किसी अन्य कम्पनी ने जो कि ठीक पूर्ववर्ती पांच वर्षों के लिये या ठीक पूर्ववर्ती, छह या सात वर्षों में से कम से कम पांच वर्षों के लिये अपने साधारण शेयरों पर डिविडेन्ड संदत्त कर चुका हो, गारन्टी की गई है

विनिधान का प्रवर्ग	कुल अंकित मूल्य	कुल बही मूल्य	गारन्टी करने वाली कम्पनी द्वारा गारन्टीकृत सभी कम्पनियों के शेयरों की कुल रकम गारन्टी करने वाली कम्पनी के अधिमानों और साधारण शेयरों की संदत्त रकम के 50 प्रतिशत से अधिक तो नहीं है	निगमों के समनुषंगियों से भिन्न किसी एक कम्पनी के साधारण शेयरों में विनिधान, जिसमें अनाहृत दायित्व भी आते हैं, यदि वे अंशतः समादत्त हो तो यदि वे 30% से अधिक हों केन्द्रीय सरकार की अनुज्ञा पहले से प्राप्त की गई है या नहीं ? यदि विनिधान किसी प्राइवेट सीमित कम्पनी में है तो यह भी है कि केन्द्रीय सरकार की अनुज्ञा पहले ही प्राप्त कर ली गई है या नहीं।	टिप्पणियां

(क) अधिमानी शेयर
(ख) साधारण शेयर

(9) किसी कम्पनी के शेयर जिन पर ठीक पूर्ववर्ती पांच वर्षों के लिये या ठीक पूर्ववर्ती सात वर्षों के लिये या ठीक पूर्ववर्ती सात वर्षों में से कम से कम पांच वर्षों के लिये कम से कम 4 प्रतिशत डिविडेन्ड, जिसमें बोनस भी आता है, संदत्त किये जा चुके हैं

विनिधान का प्रवर्ग	कुल अंकित मूल्य	कुल बही मूल्य	निगम के समनुषंगियों से भिन्न किसी एक कम्पनी के साधारण शेयरों में विनिधान, जिसमें अनाहृत दायित्व भी आते हैं, यदि वे अंशतः समादत्त हो तो यदि वे 30 प्रतिशत से अधिक हो, केन्द्रीय सरकार की अनुज्ञा पहले से प्राप्त की गई है या नहीं ? यदि विनिधान किसी प्राइवेट सीमित कम्पनी में है तो यह भी है कि केन्द्रीय सरकार की अनुज्ञा पहले ही प्राप्त कर ली गई है या नहीं।	टिप्पणियां

(क) अधिमानी शेयर
(ख) साधारण शेयर

(10) भारत में या किसी अन्य देश में जहां निगम बीमा कारोबार कर रहा है, स्थित स्थावर सम्पत्ति

निगम द्वारा विनिहित की गई कुल रकम	सभी विलंगनों से मुक्त है या नहीं	टिप्पणियां

(11) भारत में या किसी अन्य देश में जहां निगम बीमा कारोबार कर रहा है, स्थित स्थावर सम्पत्ति पर प्रथम बन्धकें

बन्धकों पर दी गई कुल रकम	बन्धक सम्पत्ति पट्टाधृति सम्पत्ति ऐसी सम्पत्ति तो नहीं है जो 30 वर्ष से अन्यून परावेय अवधि के लिये हो तथा बन्धक धन सम्पत्ति के मूल्य के 50 प्रतिशत से अधिक तो नहीं है	कुल बकाया रकम		टिप्पणियां
		मूल	ब्याज	

(12) किसी प्राधिकारी को या सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 1912 के अधीन या तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के अधीन रजिस्ट्रीकृत किसी सहकारी सोसाइटी को जो भारत में आवासन या भवन सम्बन्धी कोई स्कीम चल रही हो, उस दशा में उधार जब कि मूल और ब्याज के प्रतिसंदाय की गारन्टी केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार ने की हो।

मंजूर किये गये उधारों की कुल रकम	कुल बकाया रकम		टिप्पणियां
	मूल	ब्याज	

(13) किसी पब्लिक कम्पनी या पब्लिक सेक्टर में के किसी स्थापन या सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 1912 के अधीन या तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के अधीन रजिस्ट्रीकृत सहकारी सोसाइटी की आवासन या भवन सम्बन्धी स्कीम के अधीन भारत में स्थित स्थावर सम्पत्ति पर प्रथम बन्धकें।

बन्धक उधार स्कीम का प्रवर्ग	बन्धकों पर ली गई कुल रकम	बन्धक धन सम्पत्ति के मूल्य के तीन चौथाई से अधिक तो नहीं है?	कुल बकाया रकम		टिप्पणियां
			मूल	ब्याज	

(14) पालिसी धारकों के फायदे के लिए निगम की किसी आवासन या भवन संबंधी स्कीम के अधीन स्थावर सम्पत्ति के प्रथम बन्धकों पर उधार।

बन्धकों पर दी गई कुल रकम	उधार की रकम सम्पत्ति के मूल्य के 85 प्रतिशत से अधिक तो नहीं है?	कुल बकाया रकम		टिप्पणियां
		मूल	ब्याज	

(15) आजीवन हितों पर उधार

दिए गए उधार की रकम	कुल बकाया रकम		आजीवन हित का मूल्य सभी मामलों में किसी बीमांकक द्वारा प्रमाणित है या नहीं	टिप्पणियां
	मूल	ब्याज		

(16) निगम द्वारा या ऐसी बीमाकर्ता द्वारा जिसके नियंत्रित कारोबार की आस्तियां और दायित्व निगम को अन्तरित कर दिए गए हैं या उसमें निहित कर दिए गए हैं, निगमित जीवन बीमा पालिसियों पर, उनके अभ्यर्पण मूल्य तक, उधार या निगम के कर्मचारियों को मकान क्रय करने या बनवाने के प्रयोजनार्थ या मोटर साइकिलें, मोटरगाड़ियां या कोई अन्य वाहन निगम द्वारा अनुमोदित किसी स्कीम के अनुसरण में, क्रय करने के प्रयोजनार्थ उधार

उधार का प्रवर्ग	कुल बकाया रकम		टिप्पणियां
	मूल	ब्याज	
(क) स्वतः असमपहरणीय के अधीन से भिन्न जीवन बीमा पालिसियों पर उधार			
(ख) स्वतः समपहरणीय के अधीन अग्रिम धन			
(ग) निगम की अन्य स्कीमों के अधीन उधार			

(17) आजीवन हित।

क्रय किए गए आजीवन हितों का कुल मूल्य	सभी मामलों में बीमांकक द्वारा मूल्य प्रमाणित है या नहीं	टिप्पणियां

(18) भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की द्वितीय अनुसूची में तत्समय सम्मिलित बैंकों के पास, या सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 1912, अथवा तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के अधीन रजिस्ट्रीकृत ऐसी सहकारी सोसाइटियों के पास, जिनका मूल उद्देश्य इसी प्रकार रजिस्ट्रीकृत अन्य सहकारी सोसाइटियों को वित्तपोषित करना है, निक्षेप।

बैंकों/सहकारी सोसाइटियों, आदि के पास निक्षेपों की कुल रकम	टिप्पणियां

(19) सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 1912 के अधीन, या तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के अधीन, रजिस्ट्रीकृत सहकारी सोसाइटियों के डिबेन्चर और उनमें शेयर।

विनिधान का प्रवर्ग	कुल अंकित मूल्य	कुल बही मूल्य	टिप्पणियां
(क) डिबेन्चर			
(ख) शेयर			

(20) अन्य विनिधान जो केन्द्रीय सरकार द्वारा धारा 27क की उपधारा (1) के अधीन अनुमोदित विनिधान के रूप में, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, घोषित किए गए हैं।

विनिधान का प्रवर्ग	कुल अंकित मूल्य	कुल बही मूल्य	टिप्पणियां

भाग ख

(विनिधान समिति की स्कीम की एकमत से की गई सिफारिश प्राप्त करके अथवा यदि ऐसी सिफारिश प्राप्त न की जा सके तो निगम की प्रस्थापना पर जो कि अधिवेशन में उपस्थित सदस्यों के कम-से-कम तीन चौथाई के बहुमत द्वारा पारित हो, अनुसूचित विनिधानों से धन रूप में विनिहित या विनिहित मानी गई रकमों के संबंध में)।

(1) नियंत्रित निधि का 15 प्रतिशत। रु०

(2) विनिधान की विशिष्टियां

विनिधान का प्रवर्ग	कुल अंकित मूल्य	कुल बही मूल्य	यदि निगम की समनुषंगियों से भिन्न किसी एक कम्पनी में साधारण शेयरों में किया गया विनिधान, जिसमें अनाहूत दायित्व भी सम्मिलित हैं, यदि वह अंशतः समादत्त हो तो, कम्पनी, की अंशदायी साधारण शेयरपूंजी के 30 प्रतिशत से अधिक है तो केन्द्रीय सरकार की पूर्वानुज्ञा प्राप्त की गई है या नहीं? यदि विनिधान किसी प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी में है तो केन्द्रीय सरकार की पूर्वानुज्ञा प्राप्त की गई है या नहीं?	टिप्पणियां

भाग ग

भाग क, भाग ख और भाग घ में सम्मिलित से भिन्न विनिधानों की विशिष्टियां।

विनिधान का प्रवर्ग	कुल अंकित मूल्य	कुल बही मूल्य	टिप्पणियां

भाग घ

अंशदायी साधारण शेयर पूंजी के तीस प्रतिशत से आधिक्य में किसी एक कम्पनी के साधारण शेयरों में किए गए विनिधानों की विशिष्टियां, जिसमें कम्पनी के अंशतः समादत्त शेयरों पर अनाहूत दायित्व सम्मिलित हैं।

I

कुल अंकित मूल्य	कुल बही मूल्य	कम्पनी की अंशदायी साधारण शेयर पूंजी के तीस प्रतिशत से आधिक्य में किए गए विनिधानों की रकम, जिसमें अंशतः समादत्त शेयरों का अनाहूत दायित्व भी सम्मिलित है।	विनिधान विवरणी के भाग क में सम्मिलित है या भाग ख में				विनिधान के लिए केन्द्रीय सरकार पूर्वानुज्ञा प्राप्त की गई है या नहीं	टिप्पणियां
			भाग क		भाग ख			
			अंकित मूल्य	बही मूल्य	अंकित मूल्य	बही मूल्य		

किसी प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी के शेयरों या डिबेन्चरों में किए गए विनिधानों की विशिष्टियां।

विनिधान का प्रवर्ग	कुल अंकित मूल्य	कुल बही मूल्य	विनिधान विवरणी के भाग क में सम्मिलित है या भाग ख में				विनिधान के लिए केन्द्रीय सरकार की पूर्वानुज्ञा प्राप्त की गई है या नहीं	टिप्पणियां
			अंकित मूल्य	बही मूल्य	अंकित मूल्य	बही मूल्य		

मैं प्रमाणित करता हूं कि :—

(क) विवरणी में दी गई विशिष्टियां मेरे ज्ञान के अनुसार सत्य और पूर्ण हैं;

(ख) विभिन्न विनिधानों को विवरणी के उपयुक्त भागों में समुचित रूप से वर्गीकृत किया गया है; और

(ग) सभी विनिधान बीमा अधिनियम 1938 की धारा 27क की विभिन्न सुसंगत उपधाराओं के उपबन्धों के, जैसी कि वे भारतीय बीमा निगम को लागू की गई हैं, अनुसार हैं और हर समय उसी के अनुसार रहे हैं।

तारीख : प्रबन्ध निदेशक

प्ररूप 4-ककक के टिप्पण

I. विवरणी के भाग I में के विनिधानों के सम्बन्ध में उन सभी विनिधानों की विशिष्टियां पृथक् रूप से दी जानी चाहिए जो अन्तिम विवरणी के समय अनुसूचित किए गए थे किन्तु तदनन्तर ऐसे नहीं रहे।

II. बीमा कारोबार पूंजी मोचन (निश्चित वार्षिकी को सम्मिलित करते हुए) के सम्बन्ध में विनिधानों के आंकड़े पृथक् दिए जाने चाहिए।

III. भारत के बाहर विनिधानों के आंकड़े पृथक् से दिए जाने चाहिएं।

(ग) प्ररूप 4-खख के पश्चात् निम्नलिखित प्ररूप जोड़ा जाएगा, अर्थात् :—

"प्ररूप 4-खखख

[नियम 10ग(2) देखिए]

——————19.. को समाप्त होने वाले अर्द्ध वर्ष के दौरान भारत जीवन बीमा निगम की नियंत्रित निधि के विनिधान में हुए परिवर्तनों की बाबत विवरणी।

[धारा 28क(2) देखिए]

(कृपया प्ररूप से उपाबद्ध टिप्पण देखिए)

(1) ——————19.. को समाप्त होने वाले अर्द्ध वर्ष के दौरान क्रय या वृद्धियां।

विनिधान का प्रवर्ग	कुल अंकित मूल्य	कुल बही मूल्य	यह उल्लेख भी कीजिए कि वृद्धियां, विद्यमान अवधारण सहित, यदि कोई हों, — (क) यदि किसी एक कम्पनी के साधारण शेयरों में की गई है तो वे कम्पनी की अंशदायी साधारण शेयर पूंजी के तीस प्रतिशत से अधिक तो नहीं हैं) (अंशतः समादत्त शेयरों पर अनाहूत दायित्वों को भी जोड़ा जाएगा); और (ख) यदि किसी प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी में हैं तो क्या केन्द्रीय सरकार की पूर्वानुज्ञा के बिना हैं।	टिप्पणियां

(2) ....19 ..को समाप्त होने वाले अर्द्ध वर्ष के दौरान विक्रय या कटौतियां।

विनिधान का प्रवर्ग	विक्रय किए गए या उगाही किए गए विनिधान का कुल अंकित मूल्य	विक्रय किए गए या उगाही किए गए विनिधानों का कुल बही मूल्य	उगाही गई कुल रकम	टिप्पणी

प्ररूप 4खखख के टिप्पण

I. अनुसूचित और अनुसूचित विनिधानों से संबंधित विशिष्टियां पृथक्-पृथक् दिखाई जानी चाहिए।

II. बीमा कारोबार पूंजी मोचन (नियत वार्षिकी को सम्मिलित करते हुए) के संबंध में विनिधानों के आंकड़े।

III. भारत के बाहर विनिधानों के आंकड़े पृथक् से दिए जाने चाहिए।"

[फा० सं० 98 (1) इन्स०-II/74]

नेम चन्द जैन, अवर सचिव

New Delhi, the 29th October, 1975

INSURANCE

S.O.5052.—The following draft of certain rules further to amend the Insurance Rules, 1939, which the Central Government proposes to make, in exercise of the powers conferred by section 114 of the Insurance Act, 1938 (4 of 1938), is published as required by sub-section (1) of that section, for the information of all persons likely to be affected thereby, and notice is hereby given that the said draft will be taken into consideration by the Central Government on or after the expiry of a period of sixty days from the date of its publication in the Official Gazette.

Any objections or suggestions which may be received from any person with respect to the said draft before the expiry of the said period will be considered by the Central Government.

Draft

1. These rules may be called the Insurance (Second Amendment) Rules, 1975.

2. In the Insurance Rules, 1939, —

(a) in rule 10C,—

(i) to sub-rule (1), the following proviso shall be added, namely :—

"Provided that in the case of the Life Insurance Corporation of India, the aforesaid return shall show the said investments subsisting as at the last day of the preceding financial year and shall be in Form IV-AAA";

(ii) in sub-rule (2),—after the words, figures and letter "shall be in Form IV-B", the words, figures and letter "and in the case of Life Insurance Corporation of India shall be in Form IV-BBB" shall be inserted;

(b) after Form IV-AA, the following Form shall be inserted namely :—

"FORM IV-AAA

[See rule 10C(1)]

Return of investment of the Controlled Fund of the Life Insurance Corporation of India as at 19 .

[See section 28A(1)]

(Please see the Notes appended to the Form)

PART A

(1) Government securities and other securities charged on the revenues of the—Central Government or of the Government of a State or guaranteed fully as regards principal and interest by the Central Government or the Government of any State.

Category of the investment	Total Face Value	Total Book Value	Remarks
(a) Government Securities .			
(b) Approved Securities .			

(2) Approved securities other than those referred to in item (1) above.

[See section 2(3)]

Category of the investment	Total Face Value	Total Book Value	Remarks

(3) Debentures or other securities for money issued with the permission of the State Government by any Municipality in a State.

Category of the investment	Total Face Value	Total Book Value	Remarks

(4) Debentures secured by a first charge on any immovable property, plant or equipment of any company which has paid interest in full for the five years immediately preceding or for at least five years out of the six or seven years immediately preceding on such or similar debentures issued by it.

Total Face Value	Total Book Value	If the investment is in any private limited company, has the prior permission of the Central Government been obtained ?	Remarks

(5)(a) Debentures secured by a first charge on any immovable property, plant or equipment of any company where, either the book value or the market value, whichever is less, of such property, plant or equipment is more than three times the value of such debentures.

Total Face Value	Total Book Value	If the investment is in any private limited company, has the prior permission of the Central Government been obtained ?	Remarks

(5)(b) Debentures convertible into shares of a company which has paid on its shares dividends of not less than four per cent including bonus for the five years immediately preceding or for at least five years out of the seven years immediately preceding.

Total Face Value	Total Book Value	If the investment is in any private limited company, has the prior permission of the Central Government been obtained ?	Remarks

(6) Cumulative Preference Shares of any company which has paid dividends on its equity shares for the five years immediately preceding or for at least five years out of the six or seven years immediately preceding, provided such preference shares have priority in payment over all the equity shares of the company in winding up.

Total Face Value	Total Book Value	If the investment is in any private limited company, has the prior permission of the Central Government been obtained ?	Remarks

(7) Cumulative Preference shares of any company on which dividends have been paid for the five years immediately preceding or for at least five years out of the six or seven years immediately preceding and which have priority in payment over all the equity shares of the company in winding up.

Total Face Value	Total Book Value	If the investment is in any private limited company, has the prior permission of the Central Government been obtained ?	Remarks

(8) Shares of any company which have been guaranteed by another company, such other company having paid dividends on its equity shares for the five years immediately preceding or for at least five years out of the six or seven years immediately preceding.

Category of the investment	Total Face Value	Total Book Value	Whether the total amount of shares of all the companies under guarantee by the guaranteeing company is not in excess of 50% of the paid up amount of preference and equity shares of the guaranteeing company.	If the investment including the uncalled liability, if partly paid-up, in the equity shares of any one company, other than the subsidiaries of the Corporation, is in excess of thirty percent of the subscribed equity share capital of the company, has the prior permission of the Central Government been obtained ? Also if the investment is in any private limited company, has the prior permission of the Central Government been obtained.	Remarks
(a) Preference Shares					
(b) Equity Shares					

(9) Shares of any company on which dividends of not less than four per cent including bonus have been paid for the five years immediately preceding or for at least five years out of the seven years immediately preceding.

Category of the investment	Total Face Value	Total Book Value	If the investment, including the uncalled liability, if partly paid-up, in the equity shares of any one company, other than the subsidiaries of the Corporation, is in excess of thirty per cent. of the subscribed equity share capital of the company, has the prior permission of the Central Government been obtained ? Also if the investment is in any private limited company, has the prior permission of the Central Government been obtained ?	Remarks
(a) Preference Shares.				
(b) Equity Shares.				

(10) Immovable property situated in India or in any other country where the Corporation is carrying on insurance business.

Total amount invested by the Corporation	Whether free from all encumbrances	Remarks

(11) First Mortgages on immovable property situated in India or in any other country where the Corporation is carrying on insurance business.

Total amount advanced on the mortgages	Whether the property mortgaged is not lease hold property with an outstanding term of less than thirty years and whether the mortgage money does not exceed fifty per cent of the value of the property.	Total outstanding amount		Remarks
		Principal	Interest	

(12) Loans to any authority or any co-operative society registered under the Co-operative Societies Act, 1912, or under any other law for the time being in force, operating a housing or building scheme in India in any case where the repayment of principal and interest is guaranteed by the Central Government or a State Government.

Total amount of loans granted	Total outstanding amounts		Remarks
	Principal	Interest	

(13) First mortgages on immovable property situated in India under any housing or building scheme of a public limited company or an establishment in public sector or a co-operative society registered under the Co-operative Societies Act, 1912 or under any other law for the time being in force.

Category of the Mortgage Loan Scheme	Total amount advanced on the mortgages	Whether the mortgage money does not exceed three-fourths of the value of the property	Total amount outstanding		Remarks
			Principal	Interest	

(14) Loans on first mortgages of immovable property under any housing or building scheme of the Corporation for the benefit of the policy-holders.

Total amount advanced on the mortgages	Whether the amount of the loan does not exceed 85% of the value of the property	Total amount outstanding		Remarks
		Principal	Interest	

(15) Loans on life interests.

Amount of Loans Advanced	Total amount outstanding		Whether value of life interest certified by an actuary in all cases	Remarks
	Principal	Interest		

(16) Loans on policies of life insurance within their surrender values issued by the Corporation or by an insurer, the assets and liabilities of whose controlled business have been transferred to and vested in the Corporation or loans to employees of the Corporation for the purpose of purchasing or constructing houses or for the purpose of purchasing motor cycles, motor cars or any other conveyances in accordance with any scheme aproved by the corporation.

Category of the loan	Total amount outstanding		Remarks
	Principal	Interest	
(a) Loans on life insurance policies other than advances under Automatic Non-forfeiture.			
(b) Advances under Automatic Non-forfeiture.			
(c) Loans under other schemes of the Corporation.			

(17) Life Interests.

Total value of life interests purchased	Whether the value is certified by the actuary in all cases	Remarks

(18) Deposits with banks included for the time being in the Second Schedule to the Reserve Bank of India Act, 1934, or with co-operative societies registered under the Co-operative Societies Act, 1912, or under any other law for the time being in force, the primary object of which is to finance other co-operative societies similarly registered.

Total amount of deposits held in banks/ co-operative societies, etc.	Remarks

(19) Debentures of, or shares in co-operative societies registered under the Co-operative Societies Act, 1912, or under any other law for the time being in force.

Category of the investment	Total Face Value	Total Book Value	Remarks
(a) Debentures.			
(b) Shares.			

(20) Other investments as the Central Government may, by a notification in the Official Gazette, declare to be approved investments under sub-section (1) of section 27A.

Category of the investment	Total Face Value	Total Book Value	Remarks

PART B

(Relating to amounts invested or held invested otherwise than in scheduled investments, after securing the unanimous recommendation of the Investment Committee or if no such recommendation can be obtained on a resolution of the Corporation passed by a majority of at least three-fourths of the members present at the meeting.)

(1) 15 per cent. of the Controlled Fund.

(2) Particulars of investments.

